हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 6 नवंबर 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 शहर में इलेक्ट्रॉनिक्स, सराफा और ऑटोमोबाइल में बढ़ी चमक



09 तय हुआ कि स्टेट हाईवे किनारे ही लगेगी दीपावली सामग्री की...



विधायक डॉ शर्मा की उपस्थिति में हुआ नगर पालिका परिषद का विशेष व्यापक सम्मेलन

सप्ताह में एक दिन बंद रहेगा जलप्रदाय, तवा बांध से पानी लेने की तैयारी, वाशिंग सेंटरों पर भी प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

विधायक डॉ सीतासरन शर्मा की प्रमुख उपस्थिति में नगर पालिका परिषद का विशेष व्यापक सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें जल समस्या को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

इस वर्ष मानसून की बेरुखी और सामान्य से लगभग 35 प्रतिशत कम वर्षा होने के कारण इटारसी तहसील क्षेत्र में भूजल स्तर काफी प्रभावित हुआ है। आगामी फरवरी और ग्रीष्मकाल में संभावित गंभीर पेयजल संकट से निपटने के लिए 5 नवंबर को विधायक डॉ सीतासरन शर्मा की प्रमुख उपस्थिति में नगर पालिका परिषद का विशेष व्यापक सम्मेलन संपन्न हुआ। अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने की। इस अवसर पर सीएमओ सुरेखा जाटव सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। इस उच्चस्तरीय बैठक की शुरुआत में एक खास पहल देखने को मिली, जहां बैठक शुरू होते ही सबसे पहले भाजपा पार्षद शिवकिशोर रावत ने पुरानी इटारसी बस स्टैंड को सुचारू रूप से चालू कराने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके बाद शहर को आसन्न जल संकट से बचाने के लिए कई कड़े और दूरगामी प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई है।

जल संरक्षण और आपूर्ति को लेकर कड़े नियम

सप्ताह में एक दिन पूर्ण जलप्रदाय बंद : शहर में पानी की बचत सुनिश्चित करने के लिए यह विचार किया गया है कि सप्ताह में एक दिन 24 घंटे के लिए पूरी तरह जलप्रदाय बंद रखा जाए, ताकि नागरिक एक दिन पूर्व ही आवश्यक पानी का भंडारण कर सकें। जनता की मानसिक तैयारी के लिए इस व्यवस्था को लागू करने से 15 दिन पूर्व व्यापक अनाउंसमेंट कराया जाएगा।



तवा डेम के पानी का सुरक्षित भंडारण

जिला प्रशासन, संभागीय आयुक्त और इरिगेशन विभाग से यह विशेष अनुरोध किया जाएगा कि तवा का पानी कम से कम पेयजल के लिए पूरी तरह सुरक्षित रखा जाए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर डेम से नदी में पर्याप्त पानी छोड़ा जा सके। यानी ग्रीष्मकाल में जरूरत पड़ने पर तवा बांध से नदी में पानी छोड़कर मेहराघाट जल आवर्धन योजना के माध्यम से पानी शहर को सप्लाई किया जाएगा, या नहर के माध्यम से पानी नगर को प्रदान किया जाए, ऐसा प्रस्ताव बनाकर जलसंसाधन विभाग को सौंपा जाएगा। शहर में अंधाधुंध बोरिंग पर रोक रहेगी। हालांकि, वार्ड नंबर 33 जैसे दूरस्थ और ऊंचे क्षेत्र जहां पानी पहुंचाना बेहद कठिन है, वहां विशेष जांच करवाकर केवल अत्यधिक आवश्यकता होने पर ही अनुमत बोरिंग कराई जाएगी। वहीं इटारसी के 18 बंगला क्षेत्र के राजस्व अभिलेख की 30 एकड़ भूमि में से 15 एकड़ भूमि को नगर विकास एवं जनहित कार्यों हेतु नपा को आवंटित कर हस्तांतरित कराने का प्रकरण भी रखा गया।

वाशिंग सेंटरों और सड़क धुलाई पर प्रतिबंध

ग्रीष्मकालीन जल संकट को देखते हुए इटारसी में टू-व्हीलर और फोर-व्हीलर वॉशिंग व सर्विस सेंटरों के संचालन पर जुलाई 2027 तक पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। यदि कोई नागरिक पाइप का उपयोग करके वाहन या सड़क धोते पाया जाता है, तो उस पर पहली बार 1,000 रुपए और दोबारा ऐसा करने पर 2,000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। नियम न मानने वाले सेंटरों पर जुर्माने के साथ मोटर जब्त करने जैसी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

रेन वाटर हार्वेस्टिंग नहीं कराने पर पेनल्टी

1500 वर्गफीट से अधिक क्षेत्रफल के जिन भवनों में अनुज्ञा के समय एफ.डी.आर. जमा होने के बावजूद रेन वाटर हार्वेस्टिंग नहीं कराई गई है, जांच में कमी पाए जाने पर 5,000 रुपए का जुर्माना वसूला जाएगा। एक माह के भीतर सुधार न होने पर यह जुर्माना 10,000 रुपए कर दिया जाएगा और इसके बाद भी अनुपालन न होने पर भवन अनुज्ञा निरस्त कर दी जाएगी। अंत में, विधायक सीतासरन शर्मा ने समस्त नागरिकों से अपील की है कि पानी की मौजूदा कमी को समझते हुए सहयोग दें।

एसटीआर कोर क्षेत्र में लगातार पर्यटकों को हो रहे बाघों के दीदार



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में इन दिनों लगातार सुबह व शाम की जंगल सफारी में पर्यटकों को बाघों के दीदार हो रहे हैं। गत दिवस की मॉर्निंग जंगल सफारी में भी पर्यटकों ने बाघिन तथा उसके तीन शावकों को सुबह की धूप में जंगल में घूमते देखा है।

पर्यटकों तथा गाइड्स ने बताया कि जिप्सी के माध्यम से जब वे जंगल की ओर गए, तो कुछ किलोमीटर आगे बढ़ने पर ही यकायक चार बाघ जिप्सियोंके सामने से सफारी रूट पर चलते हुए आते दिखे। पूछने पर गाइड ने पर्यटकों को बताया कि इनमें एक बाघिन तथा तीन उसके शावक हैं। गत वर्ष बाघिन ने इन शावकों को जन्म दिया था और अब यह बड़े हो रहे हैं। इसके बाद बाघ जिप्सियों के आसपास टहलते हुए जंगल की ओर चले गए। इस दौरान बड़ी संख्या में दोनों ओर के रास्तों पर पर्यटक जिप्सियों में सवार थे। सभी ने सुबह की गुनगुनी धूप के दौरान बाघों का दीदार करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है। इधर लगातार बाघों के दीदार के बाद मढ़ई में टूरिस्ट एक्टिविटी बढ़ने की संभावना को देखते हुए सतपुड़ा टाइगर रिजर्व प्रबंधन अत्यधिक खुश है। उल्लेखनीय है कि पिछले एक सप्ताह में ऐसा कोई भी दिन नहीं गया है जब पर्यटकों को कोर क्षेत्र में बाघ दिखाई न दिए हों।

अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर करते 4 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में रेत खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खनिज विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए अवैध उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त 4 ट्रैक्टर-ट्रॉली तथा एक ट्रैक्टर लोडर जब्त किया। कार्रवाई के दौरान तहसील इटारसी के ग्राम होरियापीपर में रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की गईं। जब्त वाहनों को पुलिस थाना इटारसी की अभिरक्षा में रखा गया है। इसी प्रकार तहसील माखननगर के ग्राम रजौन में रेत का अवैध परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर पुलिस थाना माखननगर की अभिरक्षा में रखी गई।

वहीं तहसील सोहागपुर के ग्राम अजबगांव में रेत का अवैध उत्खनन करते हुए एक ट्रैक्टर लोडर जब्त किया गया, जिसे पुलिस चौकी सेमरीहरचंद की अभिरक्षा में रखा गया है। उक्त कार्रवाई अनुविभागीय अधिकारी इटारसी नीलेश शर्मा एवं खनिज अधिकारी दिवेश मरकाम की उपस्थिति में पुलिस बल के सहयोग से की गई।

नपाध्यक्ष नीतू यादव ने की जनसुनवाई आवेदकों की समस्याओं का किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रति गुरूवार को होने वाली जनसुनवाई में नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा जनसुनवाई करते हुए नागरिकों की विभिन्न समस्याओं का समाधान किया गया। जनसुनवाई के दौरान राजस्व शाखा से अनंत सिंह राजपूत उपस्थित रहे।

कार्यालय अधीक्षक मुनेंद्र पांडेय ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख के निर्देशन में जनसुनवाई की जा रही है। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न प्रकार की समस्याएं जिनका समाधान कराने निर्देश दिए गए। नपाध्यक्ष यादव ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जनसुनवाई में आने वाली समस्याओं का तत्काल समाधान करें। आमजन को किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होना चाहिए। अधिक से अधिक समस्या सुने और उनका समाधान करें।



नर्मदापुरम में आबकारी विभाग की कार्रवाई 57 हजार से अधिक की अवैध मदिरा जब्त की

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के आदेशानुसार और जिला आबकारी अधिकारी डॉ. राजीव प्रसाद द्विवेदी के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा के खिलाफ अभियान जारी है। मंगलवार को वृत्त नर्मदापुरम-ब में नसीराबाद से 9 पेटी देशी मसाला (81 बल्क लीटर) मदिरा बरामद कर आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। इसके अतिरिक्त ग्राम आरी, बुधनी, बनखेड़ी में 10 लीटर कच्ची हाथ भट्टी मदिरा, 90 किलो लाहन और 25 क्वार्टर प्लेन मदिरा बरामद कर 4 प्रकरण कायम किए गए। जब्त मदिरा की अनुमानित कीमत 57,575 रुपये आंकी गई है।

कार्रवाई वृत्त प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी आरपी अहिरवार के नेतृत्व में मुख्य आरक्षक राजेश गौर, आरक्षक धर्मेंद्र, विकास, सुरेश, माया और रौनक के सहयोग से की गई। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि अभियान निरंतर जारी रहेगा।



खाद्य सुरक्षा दल का एक्शन: इटारसी और नर्मदापुरम में मिठाई-डेयरी दुकानों पर छापा, 10 से अधिक नमूने लैब भेजे

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

कलेक्टर नर्मदापुरम एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देशन में त्योहारों व आम जनमानस की सेहत को ध्यान में रखते हुए जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच का विशेष अभियान चलाया गया। गुरुवार को अनुविभागीय दंडाधिकारी नीलेश शर्मा के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने इटारसी और नर्मदापुरम के विभिन्न मिठाई विनिर्माण केंद्रों, डेयरियों और खाद्य प्रतिष्ठानों पर औचक निरीक्षण कर सेम्पलिंग की कार्रवाई की।

इटारसी में खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश एस. दियावार द्वारा पुरानी इटारसी स्थित राजस्थान स्वीट्स, जमानी रोड स्थित बीकानेर स्वीट्स और अम्बर फूड सहित विभिन्न दुकानों का निरीक्षण किया गया। कार्रवाई के दौरान मावा बर्फी, बॉर्नविटा बर्फी, बेसन लड्डू, नारियल बर्फी, मावा, मोतीचूर लड्डू, काजू कतली और केसर बर्फी आदि के कुल 10 नमूने संगृहीत किए गए।



प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई

उधर नर्मदापुरम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी भोजराज सिंह धाकड़ के दल ने सेठानी घाट स्थित केला देवी डेयरी एवं स्वीट्स, इतवारा चौक स्थित अग्रवाल स्वीट्स और मनोहर श्री डेयरी का निरीक्षण किया। यहाँ से मलाई बर्फी, चॉकलेट बर्फी, पाम तेल, बेसन, मावा, सोनपापड़ी, खट्टा-मीठा नमकीन और मिल्क केक के नमूने एकत्र किए गए। निरीक्षण के दौरान मनोहर श्री डेयरी एवं स्वीट्स पर अमानक/दूषित पाए जाने पर 2 किग्रा ढोकला मौके पर ही नष्ट करवाया गया। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने सभी व्यापारियों को परिसर में साफ-सफाई रखने और खाद्य सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करने की हिदायत दी। एकत्र किए गए सभी नमूनों को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला (भोपाल) भेजा जा रहा है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट आने के पश्चात संबंधितों के विरुद्ध अग्रिम कानूनी प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

शासकीय उमावि रायपुर में हुई रंगोली प्रतियोगिता



नर्मदापुरम। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायपुर में दीपावली के अवसर पर प्रखर इको क्लब द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान कक्षा 7 की देवी का सोनल व साथी प्रथम रहे। बच्चियों ने फूलों को पत्तियों से रंगोली बनाई। इस दौरान स्कूल की प्राचार्य बीपी पठारिया, ईको प्रभारी सविता दुबे व प्रभारी ममता कामले, रोहित तिवारी, अहिरवार, मीरा राजवंशी सहित अन्य शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

एसएनजी ग्राउंड में सजा दीपावली का बाजार नपाध्यक्ष ने फीता काटकर किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

दीपावली पर्व को लेकर शहर में उत्साह और रौनक बढ़ने लगी है। इसी कड़ी में एसएनजी ग्राउंड में दीपावली का बाजार सजकर तैयार हो गया है। धनतेरस से एक दिन पहले नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने फीता काटकर दीपावली बाजार का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख, नेता प्रतिपक्ष अनोखे राजोरिया, पार्षद राजेंद्र उपाध्याय, रेखा यादव, पूर्व पार्षद जितेंद्र तिवारी सहित नगरपालिका के अधिकारी-कर्मचारी एवं अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। बाजार शुभारंभ के अवसर पर नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने शहरवासियों से दीपावली की खरीदारी के लिए स्थानीय बाजार पहुंचने की अपील की।

उन्होंने कहा कि दीपावली हम सभी का अपना पारंपरिक त्योहार है। ऐसे में नागरिक घरों से निकलें और अपने शहर के स्थानीय दुकानदारों से खरीदारी करें। इससे स्थानीय व्यापारियों के व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा और शहर की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने नागरिकों से स्वदेशी एवं स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उन्होंने बाजार में शुभ लाभ काउंटर लगाने के निर्देश दिए। नपाध्यक्ष यादव ने बताया कि लोकल फार वोकल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एसएनजी ग्राउंड में लगी दुकानों रसीद नहीं काटी जाएगी।



धनतेरस से दीपावली तक सोने-चांदी की खरीदारी का खास ठिकाना बना एलकेजी ज्वेलर्स, 4.99% से मेकिंग चार्ज की पेशकश बनी आकर्षण

1882 की विरासत के साथ परंपरा, आधुनिक डिजाइन और आकर्षक ऑफर का संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

धनतेरस की शुभ खरीदारी हो या दीपावली पर अपनों को कोई यादगार उपहार देने की बात, सोने-चांदी के आभूषणों का आकर्षण हर परिवार के लिए खास होता है। त्योहारों के इस मौसम में इटारसी के सराफा बाजार में एक ऐसा नाम है, जो वर्षों से ग्राहकों के विश्वास, पसंद और खरीदारी का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। यह नाम है 'एलकेजी ज्वेलर्स'।

इटारसी के नागरिकों से लेकर आसपास के ग्रामीण अंचलों तक, सोने-चांदी की खरीदारी के लिए एलकेजी ज्वेलर्स पर ग्राहकों का भरोसा दिखाई देता है। इसकी पहचान केवल शहर तक सीमित नहीं है। नर्मदापुरम, बैतूल और हरदा जिले के विभिन्न क्षेत्रों से भी ग्राहक अपनी पसंद के आभूषण खरीदने इटारसी पहुंचते हैं। किसी प्रतिष्ठान के लिए यह केवल कारोबार का विस्तार नहीं, बल्कि वर्षों में अर्जित उस विश्वास का प्रमाण है, जो ग्राहकों को बार-बार एक ही स्थान पर आने के लिए प्रेरित करता है।



4.99 प्रतिशत से मेकिंग चार्ज, त्योहारों के बीच खास आकर्षण

इस बार धनतेरस और दीपावली के अवसर पर एलकेजी ज्वेलर्स की एक नई पेशकश भी चर्चा में है। प्रतिष्ठान ने सोने के आभूषणों पर मात्र 4.99 प्रतिशत से मेकिंग चार्ज की आकर्षक शुरुआती दर प्रस्तुत की है। खास बात यह है कि प्रतिष्ठान अपने सोशल मीडिया प्रचार अभियान में इसे केवल त्योहारों तक सीमित ऑफर नहीं, बल्कि स्थायी पेशकश के रूप में प्रचारित कर रहा है।

सोने के आभूषण खरीदते समय ग्राहक सोने के भाव के साथ मेकिंग चार्ज पर भी विशेष ध्यान देते हैं। ऐसे में 4.99 प्रतिशत से शुरू होने वाला मेकिंग चार्ज उन लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन सकता है, जो इस दीपावली अपने परिवार के लिए सोने के आभूषण खरीदने की योजना बना रहे हैं। अलग-अलग डिजाइन और आभूषणों पर लागू वास्तविक मेकिंग चार्ज की जानकारी खरीदारी से पहले प्राप्त की जा सकती है।

1882 से जुड़ी विरासत, पीढ़ियों के विश्वास की पहचान

एलकेजी ज्वेलर्स की व्यावसायिक पहचान वर्ष 1882 से जुड़ी विरासत के रूप में सामने आती है। लगभग डेढ़ शताब्दी की इस परंपरा के साथ प्रतिष्ठान ने समय के बदलाव और ग्राहकों की नई पसंद को भी अपनाया है। पारंपरिक आभूषणों की खूबसूरती से लेकर आधुनिक फैशन के अनुरूप डिजाइन तक, यहां ज्वेलरी की विविधता देखने को मिलती है।

गोल्ड नेकलेस, आकर्षक झुमके, ईयररिंग्स, स्टाइलिश चोकर, पारंपरिक आभूषण और ब्राइडल ज्वेलरी जैसे कलेक्शन अलग-अलग आयु वर्ग और पसंद के ग्राहकों को आकर्षित करते हैं। शादी-विवाह के लिए विशेष आभूषण तलाश रहे परिवार हों या नई पीढ़ी के लिए आधुनिक डिजाइन पसंद करने वाले ग्राहक, ज्वेलरी की विविध रेंज खरीदारी के अनुभव को खास बनाती है।

धनतेरस पर सोना, दीपावली पर चांदी की चमक

भारतीय परंपरा में धनतेरस को सोने-चांदी की खरीदारी के लिए विशेष शुभ माना जाता है। वहीं दीपावली पर मां लक्ष्मी के पूजन के साथ चांदी के सिक्कों, पूजा सामग्री और उपहारों की खरीदारी का भी अपना महत्व है। परिवारों में आभूषण केवल सजने-संवरने का माध्यम नहीं, बल्कि रिश्तों की भावनाओं, यादों और पीढ़ियों तक संजोकर रखी जाने वाली धरोहर का हिस्सा भी हैं। एलकेजी ज्वेलर्स में सोने के साथ चांदी और अन्य आभूषणों के विकल्प भी उपलब्ध हैं। यही वजह है कि त्योहारों के इस मौसम में अलग-अलग जरूरतों और बजट के अनुरूप खरीदारी करने वाले परिवारों के लिए यहां कई विकल्प मौजूद हैं।

इटारसी की पहचान से संभागीय ग्राहकों के भरोसे तक

व्यापारिक प्रतिष्ठान की वास्तविक पहचान केवल उसके शोरूम या ज्वेलरी कलेक्शन से नहीं बनती, बल्कि इस बात से बनती है कि ग्राहक कितनी दूर से उस पर भरोसा करके पहुंचते हैं। इटारसी के स्थानीय ग्राहकों के साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों और नर्मदापुरम, बैतूल तथा हरदा जिले से आने वाले ग्राहकों की मौजूदगी एलकेजी ज्वेलर्स की क्षेत्रीय पहचान को दर्शाती है।

खबर संक्षेप

समस्याओं के निराकरण के लिए 14 नवंबर को लगेगा शिविर

बैतूल। जिले के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शर्मा की पहल पर 14 नवंबर 2026, शनिवार को जिला कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बैतूल में कर्मचारी समस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में समयमान वेतनमान, एरियर, प्रसूति अवकाश, चिकित्सा अवकाश एवं बिल, सेवानिवृत्ति संबंधी पेंशन प्रकरण, अनुकंपा नियुक्ति, जीपीएफ और हाउस रेंट निराकरण सहित अन्य समस्याओं पर सुनवाई की जाएगी। जिले के सभी विकासखंडों के कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपनी समस्या के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के नाम आवेदन उचित माध्यम से तैयार कराएं। आवेदन का खंड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से अनुमोदन करवाकर 14 नवंबर को शिविर में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

किसानों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाएं: यादव



बैतूल। मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक), भोपाल के प्रशासक महेन्द्र यादव की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, बैतूल की समीक्षा बैठक बैंक मुख्यालय में आयोजित की गई। बैठक में प्रशासक श्री यादव ने जिला बैंक की विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यों की समीक्षा की। इसमें अल्पावधि फसल ऋण वितरण एवं वसूली, जमा अमानत, डेबिट कार्ड एवं रुपे केसीसी कार्ड वितरण, सहकार से समृद्धि योजना के अंतर्गत पैक्स कंप्यूटरीकरण, रासायनिक खाद का भंडारण एवं वितरण, एम-पैक्स के व्यवसाय विविधीकरण के लिए चिन्हित गतिविधियों, टर्म लोन तथा कवच योजना सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशासक श्री यादव ने निर्देश दिए कि ऋण वितरण एवं वसूली के निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाए। शासन की विभिन्न योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर किसानों को जमीनी स्तर पर लाभान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक किसान को सहकारी संस्थाओं से जोड़ने के लिए सदस्यता अभियान चलाया जाए तथा अधिक से अधिक किसानों को संस्था का सदस्य बनाकर केसीसी कार्ड वितरित किए जाएं, ताकि किसान शासन की शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराने वाली योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। बैठक में जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य सुधाकर पंवार, कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे, उपायुक्त सहकारिता जिला बैतूल, बैंक के अधिकारी, शाखा प्रबंधक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

एआई पाठशाला एवं साइबर सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन



बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवाने के मार्गदर्शन में युवा सेतु कार्यक्रम के अंतर्गत एआई की पाठशाला पहल के तहत जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी बैतूल द्वारा बैतूल के शासकीय आईटीआई में प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक एवं कन्या आईटीआई में दोपहर 02:30 बजे से शाम 04:30 बजे तक विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक एवं प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। कार्यशालाओं का संचालन विवेक सूर्यवंशी, जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस, दिनेश पवार, प्रशिक्षक ई-दक्ष केंद्र, बैतूल एवं महेश्वर भलावी, श्रीमती ताप्ती पाटिल, महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र एवं समस्त युवा सेतु टीम द्वारा किया गया।

धनतेरस के लिए तैयार बाजार, करोड़ों का स्टॉक

शहर में इलेक्ट्रॉनिक्स, सराफा और ऑटोमोबाइल में बढ़ी चमक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



दीपोत्सव पर्व को लेकर शहर का मुख्य बाजार पूरी तरह सज-धज कर तैयार हो चुका है। शहर के प्रमुख व्यावसायिक बाजारों से लेकर प्रमुख चौराहों तक दुकानों में आकर्षक लाइटिंग और नया स्टॉक दिखाई दे रहा है। त्योहार पर बंपर बिक्री की उम्मीद में कारोबारियों ने इलेक्ट्रॉनिक्स, सराफा, ऑटोमोबाइल और बर्तन बाजार में करोड़ों रुपये का माल बुलाया है। वहीं त्यौहारी खरीददारी को लेकर ग्राहकों में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है। शहर में आतिशबाजी और पटाखों की खरीदारी के लिए न्यू बैतूल ग्राउंड में सुरक्षा मानकों का ध्यान रखते हुए अस्थायी पटाखा दुकानें बनकर तैयार हो चुकी हैं। प्रशासनिक स्वीकृतियों और सुरक्षा प्रबंधों के साथ आज से पटाखा बाजार में विधिवत खरीदी-बिक्री की शुरुआत हो जाएगी, जिसे लेकर पटाखा व्यवसायियों ने विभिन्न किस्मों के धमाकेदार पटाखों का पर्याप्त स्टॉक जुटा लिया है।

सोने-चांदी के भाव नियंत्रित होने से बढ़ी खरीदारी

भारतीय परंपरा और मान्यताओं के अनुसार धनतेरस को सोने या चांदी में निवेश करने के लिए सबसे शुभ माना जाता है। ऐसे में सोने और चांदी की कीमतों में आई हालिया स्थिरता और नरमी के कारण सराफा दुकानों पर महिलाओं और परिवारों की भारी भीड़ उमड़ रही है। सराफा व्यापारियों ने बताया कि बाजार में चांदी के गणेश-लक्ष्मी की मूर्तियों के साथ अलग-अलग आकार के सोने, चांदी के सिक्के ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। ज्वेलरी खरीदने के लिए भी लोग धनतेरस का इंतजार करते हैं। डायमंड ज्वेलरी आजकल ज्यादा ट्रेंड में हैं। सोने के भाव में कमी आई है, तो अच्छी डिजाइनों के आभूषण लोग खरीदकर ले जाते हैं। इसी देखते हुए सराफा बाजार में कारोबारियों ने आकर्षक डिजाइनों के

बर्तन और इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार व राशन बाजार में भी दिखने लगा त्योहारी रंग

दीपावली के शगुन और पूजन के लिए बर्तन और किराना दुकानों पर भी रौनक दिखाई देने लगी है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के ग्राहक पूजन सामग्री, राशन और सजावटी सामान की खरीदारी के साथ परंपरा के अनुसार बर्तनों की खरीदारी में लगे हुए हैं। नकद भुगतान के साथ बाजार में लिक्विडिटी बढ़ी है, जिससे आगामी दो-तीन दिनों में खरीदारी और रफ्तार पकड़ेगी। व्यापारी श्याम साहू ने बताया कि दीपावली पर्व को लेकर बाजार पूरी तरह तैयार है। इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल और सराफा में अच्छी बुकिंग और पूछताछ हो रही है। वेतनभोगी कर्मचारियों को सैलरी मिलने और मक्का, सोयाबीन सहित अन्य उपज के भुगतान से अगले दो-तीन दिनों में बाजार में और अधिक रौनक देखने को मिलेगी।

5 गुना अधिक स्टॉक, लकी ड्रॉ ऑफर

दीपावली के मौके पर कारोबारियों ने आम दिनों की तुलना में 5 गुना अधिक माल मंगवाया है। शहर में इलेक्ट्रॉनिक्स व्यापारियों ने नया स्टॉक बुलाया है। स्थानीय इलेक्ट्रॉनिक्स व्यापारियों का कहना है कि कंपनियों की ओर से कैशबैक, कूपन और आकर्षक लकी ड्रॉ जैसी कई विशेष स्कीम्स दी जा रही हैं। पूरे शहर में इलेक्ट्रॉनिक्स कारोबार 2 करोड़ से अधिक रहने का अनुमान है। कम बिजली खपत वाले टीवी, फ्रीज, वाशिंग मशीन, एसी, माइक्रोवेव ओवन, डिशवाशर, म्यूजिक सिस्टम, मोबाइल फोन, लैपटॉप और नये गैजेट्स की डिमांड है। इलेक्ट्रानिक उपकरणों के भी स्टॉल लगाये गये हैं। लोग एक सप्ताह पहले से ही डेमो लेने आ रहे हैं। धनतेरस पर सबसे ज्यादा स्टील, पीतल और कांसे के बर्तनों की बिक्री होती है। ऐसे में सभी दुकानों पर स्टील के बर्तन सज गये हैं। कोठीबाजार और गंज क्षेत्र में कई दुकानों के बाहर ऑफर्स भी टंगे हुए हैं।

ऑटोमोबाइल सेक्टर में डाउन पेमेंट और फाइनेंस सुविधा

इधर टू-व्हीलर सेक्टर और मोबाइल बाजार में धनतेरस और दीपावली को लेकर जबरदस्त चहल-पहल देखी जा रही है। ऑटोमोबाइल डीलरों के अनुसार, इस फेस्टिव सीजन टू-व्हीलर मार्केट में 20 प्रतिशत तक की ग्रोथ की पूरी उम्मीद है। ग्राहक न्यूनतम डाउन पेमेंट देकर आसानी से गाडिय़ां घर ले जा रहे हैं। केवल धनतेरस के दिन शहर में 200 से अधिक गाडिय़ों की डिलीवरी का अनुमान है, जबकि कुल बिक्री का आंकड़ा 450 से 500 टू-व्हीलर तक पहुंचने की संभावना है। यहीं वजह है कि छोटे-बड़े शोरूम से खरीदारी करने वालों को निश्चित उपहार दिये जा रहे हैं। इधर स्ट्रील बर्तनों की भी दुकानें सज गई हैं। व्यापारियों ने नई डिजाइन के स्टील के बर्तन के साथ गिफ्ट आइटम मंगाए हैं। इस बार महंगाई जरूर है, हालांकि व्यापारियों को इस बार अच्छे व्यापार की उम्मीद है।

ढोल-ढमाकों के साथ हुआ स्वागत

विधायक महेंद्र सिंह ने किया अध्ययन केंद्र का शुभारंभ



भैंसदेही। नगर परिषद के अंतर्गत बाजार चौक स्थित कुशाभाऊ ठाकरे परिसर के सभागृह में अध्ययन केंद्र तैयार किया गया है। इस केन्द्र का विधायक महेंद्र सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में शुभारंभ किया गया। इससे पूर्व समस्त जनप्रतिनिधियों द्वारा विधायक का ढोल-ढमाकों के साथ उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि विधायक महेंद्र सिंह चौहान ने सरस्वती पूजन एवं फीता काटकर अध्ययन केंद्र की शुरुआत की। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलीप घोरे, भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवी सिंह ठाकुर, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर, नगर परिषद अध्यक्ष मनीष सोलंकी ने शुभारंभ समारोह को संबोधित किया। मुख्य अतिथि विधायक महेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि अध्ययन केंद्र में युवाओं के साथ-साथ बुजुर्गों और सेवानिवृत्त भाईयों की भी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। अध्ययन केंद्र के लिए मैं पूर्ण सहयोग करूंगा। शुभारंभ अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष मनीष सोलंकी, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर, पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह किलेदार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवी सिंह ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलीप घोरे, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष ऋषभ दास सावरकर, जिला योजना समिति सदस्य अधिवक्ता संजय तिवारी, एल्डरमैन सुरेश पाल, पार्षद ब्रह्मदेव कुबडे उपस्थित रहे। शुभारंभ अवसर पर छात्र-छात्राएं, नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी गण मौजूद रहे।

भैंसदेही में 6 नवम्बर को होगा जन-संवाद शिविर

बैतूल। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के दिशा-निर्देशों के अनुसार 8 जनवरी 2027 तक प्रत्येक शुक्रवार को जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा क्षेत्र भ्रमण एवं जन-संवाद कार्यक्रमो का आयोजन किया जा रहा है। इस शृंखला में 6 नवम्बर शुक्रवार को सुबह 12.00 बजे, जनपद पंचायत सभाकक्ष भैंसदेही में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा शिविर लगाया जाएगा। इस शिविर में भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों, विधवाओं एवं उनके आश्रितों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। शिविर में सीएम हेल्पलाइन/जनसुनवाई की लंबित शिकायतें, पेंशन एवं अनुदान सेवा, पारिवारिक, विकलांगता, संबल, शिक्षा, विवाह एवं चिकित्सा सहायता, भूमि संबंधी प्रकरण, नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा बिजली, पानी, सडक़ जैसी मूलभूत सुविधाएं का निराकरण किया जायेगा।

शिक्षकों ने निजी खर्च से बदली विद्यालय की सूरत



बैतूल/आठनेर। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के स्तर को सुधारने और सरकारी स्कूलों को सर्वसुविधायुक्त बनाने के लिए जिले में कलेक्टर के कुशल मार्गदर्शन में शिक्षा संजीवनी अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान से प्रेरित होकर विकास खंड भीमपुर के अंतर्गत आने वाले शासकीय प्राथमिक शाला कोटमी के कर्तव्यनिष्ठ शिक्षकों ने समर्पण की एक अनूठी मिसाल पेश की है। सरकारी बजट का इंतजार किए बिना, शिक्षकों ने स्वयं के व्यय (निजी खर्च) से स्कूल में बुनियादी सुविधाएं जुटाई हैं, जिससे स्कूल का पूरा कायाकल्प हो गया है। पहले जहां स्कूल में सुविधाओं की कमी महसूस होती थी, वहीं अब कलेक्टर महोदय की प्रेरणा और शिक्षकों के इस साझा प्रयास से स्कूल का पूरा स्वरुप बदल चुका है। शिक्षकों ने अपने निजी खर्च से बच्चों के बैठने के लिए फर्नीचर, क्लासरूम के लिए पंखे और लाइट की उत्तम व्यवस्था की है।

क्लासरूम से लेकर खेल परिसर तक रौनक

शिक्षकों द्वारा किए गए इस बदलाव के बाद बच्चों में पढ़ाई के प्रति एक नया उत्साह देखा जा रहा है। क्लासरूम के भीतर बच्चे अब आधुनिक राउंड-टेबल व्यवस्था में बैठकर ज्ञानवर्धक चार्ट्स (जैसे पक्षी, सब्जियां और भारत का मानचित्र) की मदद से ग्रुप स्टडी कर रहे हैं। शाला भवन के बाहर खुले और अनुशासित माहौल में भी बच्चों के बैठने के लिए डेस्क-बेंच लगाए गए हैं, जहाँ वे प्रकृति के बीच शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

सुनीता दीदी ने बताया दीपावली रहस्य

दिपावली परमात्मा से आत्म ज्योति के जागृत होने का पर्व



भौरा। जब परम ज्योति परमात्मा शिव का इस धरा पर अवतरित होते हैं तो वह हम सब मनुष्य आत्माओं की आत्म ज्योत जगाते हैं, सत्य ज्ञान के द्वारा हमारे अंदर आध्यात्मिक ज्ञान का प्रकाश लाते हैं जिससे आत्मा के अंदर का तमस और अज्ञानता दूर होती है।

दीपावली पर हम यही संकल्प करें कि परमात्म ज्ञान के प्रकाश से हम भी अपने अंदर के अज्ञान को दूर करे जिससे बुराइयों रूपी अंधकार अपने अंदर दूर करें और हमारे जीवन में आध्यात्मिकता की ज्योति सदा जलते रहे यह बात ब्रह्माकुमारीज सारणी क्षेत्र की प्रमुख ब्रह्माकुमारी सुनीता दीदी ने भौरा में दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में सबको संबोधित करते हुए कही। विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक संस्थान प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय शाखा में आज दीपावली का पावन पर्व मनाया गया जिस अवसर पर संस्थान से जुड़े हुए ब्रह्माकुमारीज के सदस्य उपस्थित रहे । आयोजन में जिला पंचायत सदस्य सुधीर नायक, ब्रह्माकुमारी अरुणा बहन, ब्रह्माकुमारी सुनीता बहन मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सभी ने दीप प्रज्वलन कर दीपोत्सव पर्व मनाया।

मुस्लिम युवक रियाज की हिम्मत और प्रयास से मंदिर के दान की पेटी चोरी होने से बची

पुलिस को बुलाकर सौंपी पेटी, पड़ताल में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



एक तरफ जहां सियासत में महज एक पद पाने की खातिर हिन्दू -मुस्लिम के बीच नफरत फैलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। एक -दूसरे को आपस मे लड़ाने के लिए बहके-बहके बयान जारी किए जा रहे हैं, ऐसे समय में ये खबर अपने आप मे मजहबी खाई को पाटने और हिन्दू मुस्लिम एकता औऱ आपसी प्रेम को फिर से जोडने में एक कडी साबित होती है।

दरअसल यह मामला धर्म के दान से जुडा हुआ है। एक तरफ जहां मंदिर के दान की चोरी करने की खबरें आती है, तो दूसरी तरफ मंदिर के दान को बचाने के लिए मजहब से ऊपर उठकर आगे आना अपने आप मे एक बडी खबर है। यह मामला बैतूल जिले के शहर बैतूल के कोठी बाजार इलाके का है। बुधवार की हल्की सर्द रात में जब पूरा इलाका गहरी नींद में सो रहा था, तब कुछ तोडने की आवाज इस मीठी नींद में खलल डाल रही थी, लेकिन सब इस आवाज को करवटे बदलते हुए बर्दाश्त कर रहे थे,कि यह आवाज अब बंद होगी, तब बंद होगी, लेकिन आवाज बंद नहीं हुई। चूंकि यह आवाज कोठी बाजार में रहने वाले इलेक्ट्रीशियन रियाज खान (गोरी) के घर के ठीक सामने लगी घुमठी के पास से आ रही थी। इस आवाज ने पूरे परिवार को जगा दिया। आधी रात के इस सन्नाटे के बीच उन्होंने हिम्मत दिखाते हुए घर के गेट के पास से ही आवाज लगाई,,,, कौन है यहां,,? कौन है,,, तभी कुछ तो?ने की वह आवाज एकदम से बंद हो गई। दोबारा ,,,वही आवाज लगाने पर कम्बल जैसे कपडे से ढंका हुआ कोई अज्ञात गुमठी के पास से निकला। कुछ देर खडा रहा। अपनी तरफ किसी को आते हुए देखकर वह अज्ञात वहां से भाग खडा हुआ। पेशे से इलेक्ट्रीशियन रियाज खान की आवाज को सुनकर पडोस में रहने वाले भी घर से बाहर आ गए, इसके बाद उन्होंने 112 डायल कर पुलिस को इसकी सूचना दी।

मालगाड़ी की चपेट में आने से लोको पायलट की मौत

बैतूल। बैतूल के सदर क्षेत्र में संजीवनी अस्पताल के पास रहने वाले 52 वर्षीय रेलवे लोको पायलट विश्वनाथ वागदरे की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसा नागपुर-इटारसी रेल सेक्शन में ताकू स्टेशन के पास हुआ। वे अपनी मालगाड़ी के डीजल इंजन से नीचे उतरे थे, तभी दूसरे ट्रैक पर आई तेज रफ्तार मालगाड़ी की चपेट में आ गए। आरपीएफ बैतूल पोस्ट प्रभारी राजेश सिंह के मुताबिक, विश्वनाथ वागदरे ताकू स्टेशन पर सीजीपीटी मालगाड़ी लेकर पहुंचे थे। उनकी ट्रेन दोपहर 12:53 बजे स्टेशन पर पहुंची थी। ट्रेन खड़ी होने के दौरान वे इंजन की जांच करने नीचे उतरे थे। इसी दौरान करीब दो बजे दूसरे ट्रैक से गुजर रही मालगाड़ी की चपेट में आ गए। हादसे के बाद जीआरपी इटारसी ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है। थाना प्रभारी संजय चौकसे ने बताया कि मृतक का पोस्टमार्टम गुरुवार सुबह कराया जाएगा। मर्ग जांच के बाद ही दुर्घटना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। पोस्टमार्टम के बाद शव बैतूल लाया जाएगा।

स्थानीय माटीकला शिल्पियों को दीपावली पर मिट्टी के दीपक बेचने के लिए बाजार शुल्क से मिलेगी छूट

बैतूल। दीपावली पर्व के अवसर पर स्थानीय माटीकला शिल्पियों को प्रोत्साहित करने और उनके द्वारा निर्मित मिट्टी के दीपकों के विक्रय के लिए सुगम वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार, स्वयं निर्मित मिट्टी के दीपक बेचने वाले स्थानीय कारीगरों से अस्थायी विक्रय स्थल के लिए किसी भी प्रकार का बाजार शुल्क नहीं लिया जाएगा। साथ ही नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के हाट-बाजारों में स्थानीय निकायों द्वारा शिल्पियों को प्राथमिकता से सुविधाजनक स्थान उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि उनके व्यवसाय के साथ यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था भी प्रभावित न हो। यह छूट केवल स्वयं मिट्टी के दीपक बनाने वाले स्थानीय शिल्पियों के अस्थायी फड़ अथवा दुकानों पर लागू होगी। थोक व्यापारियों एवं स्थायी दुकानदारों को इसका लाभ नहीं मिलेगा।

शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक

बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में शिक्षा विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए जमीनी स्तर पर प्रभावी कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग के अधिकारी नियमित रूप से स्कूलों का निरीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। जिन विद्यालयों में परीक्षा परिणाम कमजोर रहे हैं, वहां विशेष शैक्षणिक गतिविधियां संचालित कर सुधार लाया जाए। उन्होंने विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति बढ़ाने, ड्रॉप आउट रोकने तथा बच्चों के सीखने के स्तर पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए।

राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में श्री विनायकम स्कूल की दो छात्राओं ने जीते कांस्य पदक

25 वर्षों से शिक्षा के साथ खेल प्रतिभाओं को निखार रहा स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



70वीं राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में श्री विनायकम स्कूल, बैतूल की छात्राओं मोनिष्का नागले और दिशा परते ने कांस्य पदक जीतकर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया। दोनों छात्राओं ने प्रतियोगिता में उत्साह, आत्मविश्वास और खेल भावना के साथ हिस्सा लेते हुए अपनी खेल प्रतिभा और तकनीकी कौशल का प्रदर्शन किया।

श्री विनायकम स्कूल पिछले 25 वर्षों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रहा है। विद्यालय में पढ़ाई के साथ खेल, सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने पर ध्यान दिया जाता है। विद्यालय की स्पोर्ट्स एकेडमी के माध्यम से विद्यार्थियों को विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण और जिला, संभाग, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के अवसर प्रदान किए जाते हैं।

विद्यालय के डायरेक्टर संजय राठौर ने दोनों छात्राओं की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। विशेष रूप से कराटे से बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन, आत्मरक्षा, साहस और चुनौतियों का सामना करने की क्षमता विकसित होती है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना है। इसके लिए उन्हें उचित मंच, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन दिया जाता है। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने मोनिष्का नागले और दिशा परते को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही दोनों छात्राओं के अभिभावकों और खेल प्रशिक्षकों के योगदान की सराहना की।

जिला सैनिक कल्याण कार्यालय बैतूल

// मासिक दर पर किराये की टैक्सी हेतु निविदा //

जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, बैतूल के लिए दिसम्बर 2023 के पश्चात् की पंजीकृत टैक्सी (आई 20, स्कार्पियो, मारूति, डिजायर, टवेरा या बोलेरो आदि) अधिकतम 800 किमी. प्रतिमाह चलाने हेतु, किराये पर एक वर्ष तक के लिए, आवश्यकता है। इच्छुक ट्रेवल एजेंसियाँ निर्धारित निविदा प्रपत्र में सीलबंद निविदा, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, बैतूल के नामे 2,000/- रूपये के डीडी सहित दिनांक 16-11-2026 को शाम 5 बजे तक कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदा संबंधी शर्ते / जानकारी कार्यालय पर देखी जा सकती है । शर्ते पूर्ण न होने पर निविदा अस्वीकार कर दी जायेगी।

जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, बैतूल





खबर संक्षेप

बगलोन में जुआरियों को जुआ खेलते पकड़ा

माखन नगर। पुलिस ने ग्राम बगलोन में माता मंदिर के पास प्रेम नारायण यादव ,विशन यादव, विनोद यादव, एवं सोनू यादव , सभी निवासी बगलोन को जुआ खेलते हुए पकड़ा है जुआ फड से पंचों के समक्ष जुआरियों से ताश के 52 पत्ते और 13,100/ रुपए बरामद किए पुलिस ने बताया आरोपियों पर जुआ एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई ।

कराते प्रतियोगिता में गुंजन ने जीता पदक

सीहोर। शासकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय की छात्रा गुंजन नागले ने कराटे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से महाविद्यालय सहित जिले का गौरव बढ़ा है। तीन नवंबर को लक्ष्मी नारायण कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, भोपाल में आयोजित नोडल लेवल कराटे टूर्नामेंट 2026-27 में गुंजन नागले ने उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय देते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। प्रतियोगिता में विभिन्न संस्थानों के प्रतिभागियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, जिसमें गुंजन ने शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रमोद शर्मा ने गुंजन को बधाई देते हुए कहा कि खेल एवं अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां छात्राओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने अन्य छात्राओं को भी खेल गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

एसडीएम से मिले फुटकर व्यापारी, लगाई सहयोग की गुहार

तय हुआ कि स्टेट हाईवे किनारे ही लगेगी दीपावली सामग्री की दुकानें

पूर्व पार्षद संजय तिवारी के नेतृत्व में मिट्टी के दिये, मूर्ति व अन्य सामग्रियों की दुकान लगाने वाले फुटकर व्यापारियों ने गुरुवार दोपहर एसडीएम डॉ. बबीता राठौर से भेंट की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

एसडीएम का जवाब- यदि बाधित हुआ यातायात, तो होगी जुर्माने की कार्रवाई



दीपावली बाजार को लेकर प्रशासन ने निर्णय लिया था कि स्टेट हाईवे किनारे लगाई जाने वाली फुटकर दुकानें इस बार अन्यत्र लगाई जाएंगी। लेकिन इससे हानि की आशंका जताते हुए दुकानदारों ने गुरुवार को एसडीएम डॉ. बबीता राठौर से भेंटकर मांग की है कि तीन दिन दुकानें यथावत लगाने दी जाएं।

मातापुरा वार्ड के पूर्व पार्षद संजय तिवारी के नेतृत्व में मिट्टी के दिये, मूर्ति व अन्य सामग्रियों की दुकान लगाने वाले फुटकर व्यापारियों ने गुरुवार दोपहर एसडीएम डॉ. बबीता राठौर से भेंट की। व्यापारियों ने कहा कि कई जनरल स्टोर वाले भी दिये बेचने लगे हैं। यदि रोड किनारे इन सामग्रियों के दुकानदारों को शहर के बाहर भेजा जाएगा तो उनको आर्थिक क्षति होगी। अतः दुकानों को तीन दिनों के लिए यथावत स्टेट हाईवे किनारे ही लगाने दिया जाए। जिस पर कुछ शर्तों के साथ एसडीएम डॉ. बबीता राठौर ने सहमति दी है। इस दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, पूर्व पार्षद राकेश चौरसिया एवं पार्षद भास्कर माझी भी उपस्थित थे। सभी ने फुटकर व्यापारियों के हितार्थ निर्णय लेने का आग्रह प्रशासन से किया।

उद्देश्य सुधार का है: एसडीओपी

भेंट दौरान उपस्थित सोहागपुर एसडीओपी अरविंद शाह ने दुकानदारों से कहा कि नियमों का पालन करें। अन्यथा प्रशासन कड़ी कार्रवाई को विवश होगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य व्यवस्था सुधार है, ना कि किसी को त्यौहारी मौसम में रोजगार से दूर रखने का। एसडीएम डॉ. बबीता राठौर ने कहा कि हम किसी का नुकसान नहीं चाहते हैं। लेकिन शहर का बाजार व्यवस्थित हो, इसका ध्यान भी हमको रखना होगा। जिसमें क्षेत्रवासियों, शहरवासियों एवं सभी वर्गों तथा श्रेणियों के व्यापारी भाईयों का सहयोग आवश्यक है।

अभी इधर, बाद में उधर

दुकानदारों के साथ आए जनप्रतिनिधियों से एसडीएम डॉ. राठौर ने कहा कि अभी आप लोग व्यापारियों के पक्ष में बात करने आए हैं। लेकिन ईश्वर ना करें, यदि कोई दुर्घटना होती है तो फिर आप सभी प्रशासन पर ही सवाल उठाएंगे कि प्रशासनिक नाकामी के कारण दुर्घटना हुई है। अतः जनप्रतिनिधि इस बात का ध्यान दें कि जिन नियमों पर दुकानदारों ने सहमति दी है, उनका पालन अनिवार्य रूप से हो। उन्होंने अधीनस्थों को निर्देश दिए कि भेंट दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं व्यापारियों के प्रतिनिधियों के नाम एवं मोबाइल नंबर लिखें। ताकि गड़बड़ी होने पर उनसे संपर्क किए जा सकें।

मानननी होगी शर्तें- एसडीएम डॉ. राठौड़



चर्चा दौरान एसडीएम डॉ. बबीता राठौर ने कहा कि स्टेट हाईवे किनारे फुटकर सामग्री दुकानों की हद चूना लाइन से तय की जाएगी। दुकानों को चूना लाइन के दूसरी ओर स्टेट हाईवे से दूर लगाया जाए तथा दुकानों के बीच पर्याप्त स्थान छोड़ना होगा। ताकि स्थाई दुकानों का व्यापार प्रभावित ना हो। एसडीएम ने सख्त हिदायत है कि दुकानों कि यदि हद से बाहर हाईवे की ओर दुकान बढ़ाने का प्रयास किया गया तो जुर्माने की कार्रवाई होगी।

नहीं हुआ नर्मदा जल वितरण, लोग परेशान



सोहागपुर। सोहागपुर शहर में बीते तीन दिनों से नर्मदा जल का वितरण नहीं हो पा रहा है। जिससे त्यौहारी दिनों में जनता परेशान है। लोगों के अनुसार जिन घरों में मात्र नर्मदा जल के कनेक्शन हैं, वहां अत्यधिक परेशानी हो रही है। सूचना के बाद भी सुधार नहीं होने से लोगों को पेयजल के लिए परेशान होना पड़ रहा है।

पलकमती नदी के सड़क मार्ग पुल की हालत हो रही खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर में पलकमती नदी पर नर्मदापुरम-पचमढ़ी स्टेट हाईवे का सड़क मार्ग पुल है। पुल की सड़क को जॉइंट सिस्टम से बनाया गया है तथा जॉइंट्स के बीच गैप बढ़ने लगा है। गैप के कारण सड़क में दरार जैसी स्थिति बनने लगी है।

सड़क के दो हिस्सों के जॉइंट्स में बने गैप गहरे हो चुके हैं। जिसके कारण वाहनों की तेज पटक होती है। जिससे हल्के एवं दोपहिया वाहन यकायक बहक जाते हैं और इससे दुर्घटनाओं का डर बढ़ रहा है।



नागरिकों ने सुधार की मांग की है।

सड़क के दो हिस्सों का गैप फुटपाथ पर भी पहुंच गया है। जिसके कारण फुटपाथ के हिस्सों में भी दरारें नजर आने लगी हैं। रात्रि के अंधेरे में ये दरारें पुल से पैदल निकलने वाले लोगों के लिए तकलीफदेह साबित हो सकती हैं।

कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में दिया 50 बालिकाओं को मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

ब्लॉक के ग्राम कामती रंगपुर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अंतर्गत मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण 50 बालिकाओं को दिया गया है। मार्शल आर्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम 15 अक्टूबर 2026 से शुरु हुआ था। गुरुवार को इसका समापन किया गया है। 15 दिवसीय विशेष कला कौशल प्रशिक्षण कुमारी खुशबु लाल द्वारा दिया गया। समापन कार्यक्रम में



महिला बाल विकास विभाग से परियोजना अधिकारी रंजना गोस्वामी, पीएम श्री स्कूल कामती रंगपुर की प्रधान पाठक लक्ष्मी काकोड़िया, छात्रावास की बालिकाएं एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

एसडीएम ने किया नप व बीईओ कार्यालय-संदीपनि स्कूल भवन का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

एसडीएम डॉ. बबीता राठौर ने गुरुवार दोपहर नप व बीईओ कार्यालयों सहित संदीपनी स्कूल के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालयों में साफ-सफाई, कर्मचारियों की उपस्थिति एवं कार्यालयीन व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

एसडीएम ने नप तथा बीईओ कार्यालयों में सफाई पर विशेष ध्यान देने तथा कार्यालयीन व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया व सार्थक ऐप के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति तथा बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली का उन्होंने निरीक्षण किया। डॉ. राठौर ने



आवक-जावक पंजी, जन्म-मृत्यु शाखा एवं पेंशन संबंधी शाखाओं की जानकारी ली। उन्होंने कर्मचारियों को तय समय पर कार्यालय में उपस्थित रहने एवं कार्यों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए एवं अनुपस्थित नपकर्मियों को सीएमओ के माध्यम से कारण बताओ नोटिस जारी करने के भी निर्देश दिए। डॉ. राठौर ने बीईओ कार्यालय में अनुशासन बनाए रखने, उपस्थिति समय पर देने तथा शासकीय कार्यों के समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए।

संदीपनि सीएम राइज स्कूल का निरीक्षण

एसडीएम ने संदीपनि स्कूल निर्माणाधीन भवन का भी निरीक्षण किया। जहां उन्होंने कार्य प्रगति एवं गुणवत्ता का आंकलन किया व निर्माण कार्य देख रहे मैनेजर से जानकारी ली। एसडीएम ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता के तय मापदंडों के अनुरूप कार्य करने व निर्माण कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करने हेतु निर्देश दिए।

20 साल से चल रहा था अवैध गैस कारोबार, एसडीएम आकिफ खान की कार्रवाई से हड़कंप, 34 सिलेंडर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत हांडियां में पिछले 20 वर्षों से अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेंडरों का काला कारोबार चल रहा था, जिस पर आखिरकार प्रशासन ने शिकंजा कस दिया है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) आकिफ खान की सख्त कार्रवाई के बाद अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

सूचना पर दी दबिश

सूत्रों के अनुसार, एसडीएम आकिफ खान को हांडियां में लंबे समय से अवैध गैस भंडारण और कालेबाजारी की जानकारी मिली थी। इसके बाद उन्होंने कनिष्ठ खाद्य नागरिक आपूर्ति अधिकारी मनोज शुक्ला को तत्काल कार्रवाई के



निर्देश दिए। प्रशासनिक टीम ने रामगोपाल चौधरी (पिता पतिराम चौधरी) के घर पर छापा मारा, जहां से 14.2 किलोग्राम क्षमता के 20 भरे हुए और 14 खाली यानी कुल 34 घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किए गए।

एसडीएम ने बताया कि जांच के दौरान आरोपी के पास 319 गैस सिलेंडर की किताबें पाई गईं, लेकिन एक आवासीय परिसर में 34 सिलेंडरों का अवैध भंडारण करना गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। इस मामले में आरोपी के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। जब्त किए गए सभी सिलेंडरों को 'साहू इंडेन गैस एजेंसी' की संचालक निधि अवधेश साहू की सुपुर्दगी में दिया गया है। इसके अलावा, खाद्य विभाग द्वारा जिला कलेक्टर के समक्ष मामला प्रस्तुत करने से पहले ही आरोपी के गैस कनेक्शन और डायरी निरस्त कर दी गई है। कार्रवाई के दौरान पुलिस प्रशासन की टीम भी पूरी तरह मुस्तैद रही। दूसरी ओर, आरोपी रामगोपाल चौधरी का दावा है कि उसने इनमें से 4 सिलेंडर साहू इंडेन गैस एजेंसी से नियमानुसार ही भरवाए थे, जिन्हें जबरन जब्त किया गया है।

खाद्य विभाग की कार्यशैली पर उठे सवाल

इस पूरी कार्रवाई ने स्थानीय खाद्य विभाग की कार्यप्रणाली पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह अवैध कारोबार पिछले 20 वर्षों से चल रहा था और वर्तमान कनिष्ठ खाद्य नागरिक आपूर्ति अधिकारी मनोज शुक्ला को भी क्षेत्र में तैनात हुए करीब 3 साल हो चुके हैं। इसके बावजूद, आम जनता को जब-तब गैस सिलेंडरों की किल्लत और परेशानी उठानी पड़ती थी, लेकिन इससे पहले खाद्य विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। अंततः एसडीएम के सख्त हस्तक्षेप के बाद ही यह अवैध भंडारण पकड़ा जा सका।

बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज कराया नाम

सीहोर। मध्य प्रदेश के सीहोर जिले की नन्ही और प्रतिभाशाली बेटी अभिश्री नामदेव ने अपनी विलक्षण प्रतिभा और असाधारण स्मरण शक्ति के दम पर सीहोर सहित पूरे प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। अभिश्री को कम उम्र में अद्भुत याददाश्त और बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए प्रतिष्ठित संस्था बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स द्वारा विश्व रिकॉर्ड से सम्मानित किया गया है। जारी किए गए आधिकारिक प्रमाण पत्र के अनुसार, अभिश्री ने मात्र 1 वर्ष 11 माह और 25 दिन की आयु में अपनी असाधारण मानसिक क्षमता का परिचय दिया। इतनी कम उम्र में उनकी स्मरण शक्ति, जानकारी को ग्रहण कर उसे याद रखने की क्षमता, एकाग्रता, बारीकी से चीजों को देखने-समझने और सीखने की क्षमता ने सभी को आश्चर्यचकित कर दिया।

सफाई कर्मचारियों की हड़ताल से चरमराई व्यवस्था, जगह-जगह लगे कचरे के ढेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

त्योहारों के इस सीजन और दीपावली की रौनक के बीच पिपरिया नगर पालिका परिषद क्षेत्र के सफाई कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। वार्डों, बाजारों और गलियों में कचरे के ढेर लगने लगे हैं, जिससे नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

अजाक संघ के जिला अध्यक्ष रवि शंकर वाल्मीकि ने बताया कि कर्मचारियों की मुख्य मांग शासन से वेतन में बढ़ोतरी करने और दैनिक वेतनभोगियों/अस्थाई कर्मियों को स्थायी करने की है। इसी मांग के समर्थन में लगभग पूरे मध्य प्रदेश में करीब 1 लाख सफाई कर्मचारी



हड़ताल पर हैं। वर्तमान स्थिति को देखते हुए यह कह पाना मुश्किल है कि यह हड़ताल कब तक जारी रहेगी, जिसके चलते सड़कों और मोहल्लों में कचरा उठान का काम पूरी तरह प्रभावित हुआ है।

त्योहार के समय उत्पन्न हुई इस विकट स्थिति को नियंत्रित करने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल, भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी और नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ने सोशल मीडिया के माध्यम से शहरवासियों से विशेष सहयोग की अपील की है।

प्रशासन ने नागरिकों से आग्रह किया है कि अपने घरों और दुकानों का कचरा सड़कों, नालियों या सार्वजनिक स्थलों पर बिल्कुल न फेंकें।कचरे को निर्धारित स्थलों या सुरक्षित जगह पर ही संग्रहित करके रखें ताकि हालात सामान्य होने पर सफाई व्यवस्था सुचारू की जा सके।त्योहार के इस माहौल में शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने के लिए नागरिकों और प्रशासन के बीच आपसी सहयोग बेहद जरूरी हो गया है।

बचपन बचाओ अभियान के तहत विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगर के सांद्रीपनि विद्यालय आर एन ए उत्क्रष्ट विद्यालय परिसर में मध्यप्रदेश राज्य सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश अनुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदा पुरम के मार्गदर्शन में बचपन बचाओ अभियान के अंतर्गत पाकसो एक्ट विद्यार्थियों को युवा आयु में बदलाव तथा सदुपयोग पर चर्चा की गई थी।16 वर्ष से 18 वर्ष के बीच बीचारो में बदलाव सुरक्षा बचाव में मुख्य अतिथि द्वितीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश अर्चना रघुवंशी के द्वारा अपने सारगर्भित उद्बोधन में जानकारी प्रदान की गई थी।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती पूजा अर्चना कर किया गया। अतिथि ने कहा कि विद्यार्थियों



को अपने माता-पिता एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को बैंड टच गुड टच निशुल्क विधिक सहायता बाल सरंक्षण अधिनियम वाल विवाह अपराध मोबाइल फोन पर सुरक्षित तरीके से उपयोग करने महिला अपराध से जुड़े कानूनों नालसा के टोल फ्री नंबर 15100 बच्चों के लिए 1098 हेल्पलाइन नंबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 जानकारी दी गई थी। बताया गया कि इस के बारे पहले जानकारी देना है। एक कहानी के माध्यम से विद्यार्थियों के बिच विषय प्रश्नोत्तरी के विषय में भी चर्चा की गई। बचपन बचाओ अभियान चलाया जा रहा है। सभी विद्यालयों में लगातार विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री लाल रघुवंशी, प्राचार्य संजीव दुबे अधिवक्ता वेदप्रकाश भार्गव सहित अन्य सभी शिक्षक शिक्षिकाओं छात्राओं छात्र की उपस्थिति रही।

गांवों में शराब की अवैध बिक्री रोकने सरपंच-सचिवों को सौंपी जिम्मेदारी

सीहोर। ग्राम पंचायत चुनावों की सरगर्मी के बीच जिले का राजनीतिक और सामाजिक माहौल पूरी तरह गरमा गया है। आगामी 5 से 6 महीनों में पंचायत चुनाव प्रस्तावित हैं और इसी चुनावी सुगबुगाहट के बीच जिला प्रशासन का एक कड़ा फरमान सरपंचों के लिए गले की फांस बन गया है।

खातेगांव में शराब माफिया द्वारा टीआई की हत्या की दर्दनाक घटना के बाद जागा जिला प्रशासन अब सीहोर जिले की सभी 542 ग्राम पंचायतों में अवैध शराब पर लगाम कसने के लिए सरपंचों और सचिवों को मुखबिर बनाने जा रहा है। इस आदेश ने सरपंचों के सामने ऐसा दोहरा धर्मसंकट खड़ा कर दिया है, जहां एक तरफ कुआं है तो दूसरी तरफ खाई। बता दें गांवों में अमूमन सीमित मतदाता होते हैं, जहाँ एक-एक वोट जीत-हार तय करता है।

माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय में आयोजन

प्रतियोगिताओं के साथ मनाया गया युवा उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय 3 से 5 नवम्बर तक युवा उत्सव प्रतियोगिताओं का तीन दिवसीय आयोजन प्राचार्य डॉ .नीता चौबे के मार्गदर्शन में युवा उत्सव प्रभारी सुश्री श्रुतिका कांसकार के निर्देशन में भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत किया । प्रथम दिवस में सरस्वती पूजन तथा वंदे मातरम् पूर्ण गान के साथ प्राचार्य ने अपना उद्बोधन देते हुए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित की विभिन्न विधाओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अपनी रचनात्मक, सांस्कृतिक एवं अभिव्यक्ति संबंधी प्रतिभा का



प्रदर्शन किया।

रंगोली में प्रथम स्थान शानू कहार (बी.ए. प्रथम वर्ष) कोलाज में प्रथम स्थान अस्मिता विश्वकर्मा (बी.एससी. प्रथम वर्ष) चित्रकला (स्पॉट पेंटिंग) में प्रथम स्थान जया चौहान (बी.ए. प्रथम वर्ष), वाद-विवाद (हिन्दी) में प्रथम स्थान अनुभव तिवारी एवं सपना यादव भाषण (वक्तृता, हिंदी) में प्रथम स्थान अनुभव तिवारी (बी .ए .तृतीय वर्ष) कार्टूनिंग में प्रथम स्थान शानू प्रजापति (एम .ए .) पोस्टर में प्रथम स्थान हरीश यादव (बी .ए. प्रथम वर्ष) प्रश्न मंच में प्रथम स्थान अनुभव तिवारी एवं नंदिनी प्रजापति की टीम ने प्राप्त किया प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले समस्त प्रतिभागी जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए आगे जायेंगे । प्रतियोगिताओं में डॉ.मनीष शर्मा, डॉ.संगीता मिश्रा,डॉ.कविता दुबे, डॉ. अमिताभ शुक्ला, सुश्री शीतल वर्मा, सुश्री शिवानी मालवीय , डॉ.सुमन अवस्थी, अजय मेहरा, सुश्री प्रीति वर्मा , डॉ.धर्मेंद्र सिंह चौहान, अशोक मेहरा के साथ विद्यार्थियों का सराहनीय योगदान रहा । युवा उत्सव की सफलता पर प्राचार्य ने बधाई दी ।

खबर संक्षेप



वन स्टॉप सेंटर जागरूक किया गया

हरदा। वन स्टॉप सेंटर प्रशासक सुचिता इक्का के नेतृत्व में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जिला हरदा में गुरूवार को वन स्टॉप सेंटर द्वारा एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केस वर्कर ऋतु राजपूत ने उपस्थित छात्राओं को वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए केंद्र में दी जाने वाली परामर्श सहायता निशुल्क विधिक सहायताए आश्रय सहायताए चिकित्सा पुलिस सहायता एवं विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों अंतर्गत महिला हेल्पलाइन 181 आपातकालीन सहायता 112 साइबर अपराध से सुरक्षा नंबर 1930 चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 बाल विवाह एवं दहेज प्रथा के दुष्परिणामों और इसके कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी देकर सजग और सुरक्षित रहने को कहा। कार्यक्रम में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरदा की प्रभारी प्राचार्य खरे शिक्षकगण छात्राएंए वन स्टॉप सेंटर हरदा से केस वर्कर राजू तंवर एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

धनतेरस पर आज लगेगा विशेष शिविर

हरदा। धनतेरस के अवसर पर स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना 2026 के अंतर्गत तहसील हंडिया की ग्राम पंचायत नीमगांव में शुक्रवार को विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में ग्राम नीमगांवए डोमनमऊए छिड़गांव एवं रेवापुर के हितग्राही शामिल होंगे। तहसीलदार हंडिया पूजा भाटी के अनुसार शिविर का आयोजन जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाना प्रस्तावित है। संबंधित ग्रामों की स्वामित्व अधिकार अभिलेखों के पंजीयन एवं निष्पादन की प्रक्रिया पूरी कर शत.प्रतिशत रजिस्ट्री का लक्ष्य प्राप्त करने का प्रयास किया जाएगा।

474 शिकायतों का मौके पर निराकरण किया

हरदा। मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी हरदा द्वारा श्संपर्क अभियानश के तहत गुरूवार को हरदा के गणेश चौक धुरगाड़ा हीरापुर व हिवाला खिरकिया के ग्राम ढोलगांव खुर्द दीपगांव व जूनापानी तथा टिमरनी के ग्राम भादूगांव जूनापानीगोदड़ी व आलमपुर में संपर्क अभियान शिविरों का आयोजन किया गया। महाप्रबन्धक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी ने बताया कि शिविरों में उपभोक्ता सेवाओं से जुड़े प्रकरणों का निराकरण उपभोक्ताओं के नवीन कनेक्शन संबंधीए नाम परिवर्तन, श्रेणी परिवर्तन, पोल,वोल्टेज, विद्युत बिल सुधार मीटर एवं सर्विस केबल, डुप्लीकेट बिल, मीटर रीडिंग संबंधी शिकायतें एवं अन्य तकनीकी सेवाओं संबंधी समस्याओं का निराकरण मौके पर प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। शिविरों में 509 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 474 शिकायतों का निराकरण किया गया।

कोचिंग के पंजीयन के लिए अधिकारी नामांकित

हरदा। विद्यार्थियों की सुरक्षा मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश शासन द्वारा लागू किए नियम के क्रियान्वयन के लिए जिले में क्षेत्रवार पंजीकरण प्राधिकारी नामांकित किए गए हैं। कलेक्टर कुमार सत्यम के आदेश के अनुसार नगरीय क्षेत्रों में संबंधित नगरपालिका परिषद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी को पंजीकरण प्राधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अंतर्गत हरदा टिमरनी खिरकिया एवं सिराली नगरपालिका परिषद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी शामिल हैं। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पंजीकरण प्राधिकारी बनाया गया है। इसके अंतर्गत हरदा, टिमरनी एवं खिरकिया जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अपने.अपने क्षेत्र में यह दायित्व निभाएंगे।

अबकी दिवाली इंटर जनरेशन बॉन्डिंग वाली, बुजुर्गों व बच्चों ने मनाया दीपावली उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

एक्सेल हाइट्स स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्रों के 150 विद्यार्थियों ने सहभागिता की

वरिष्ठ नागरिकों और नई पीढ़ी के बीच आपसी संवाद आत्मीयता एवं भावनात्मक जुड़ाव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस बार दीपावली का पर्व कुछ खास अंदाज में मनाया गया। इसी क्रम में अटल वयो अभ्युदय योजना के तहत स्थानीय सार्थक सेवा वृद्ध आश्रम में इंटर जनरेशन बॉन्डिंग कार्यक्रम अबकी दिवाली इंटर जनरेशन बॉन्डिंग वाली का आयोजन किया गया। इसमें एक्सेल हाइट्स स्कूल एवं विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों के 150 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और वृद्धजनों के साथ दीपावली की खुशियां साझा कीं।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग कमलेश सिंह ने बताया कि



हॉलिस्टिक वेल बीइंग सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इन गतिविधियों में कला.कौशलए खेलए साइबर जागरूकताए कानूनी सहायता तथा विभिन्न विभागों के सहयोग से वरिष्ठ नागरिकों के सर्वांगीण कल्याण एवं सामाजिक सहभागिता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी कड़ी में इंटर जनरेशन बॉन्डिंग गतिविधि के माध्यम से बच्चों और बुजुर्गों को एक मंच पर लाकर उनके बीच संवाद और आत्मीय संबंध विकसित करने का प्रयास किया गया।

दीपावली मिलन समारोह के दौरान वृद्धजनों ने बच्चों को अपने जीवन के पुराने अनुभवए रोचक किस्से और कहानियां सुनाईं। वहीं बच्चों ने भी अपनी बातें साझा कीं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी का मनोरंजन किया। बच्चों एवं वृद्धजनों ने मिलकर नृत्य किया तथा एक.दूसरे को दीपावली के उपहार भेंट किए। कार्यक्रम में नगरपालिका उपाध्यक्ष अंशुल गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने इस प्रकार के आयोजनों को समाज में बुजुर्गों के प्रति सम्मान और नई पीढ़ी में संस्कार एवं संवेदनशीलता विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। इस आयोजन के माध्यम से शासन की इंटर जनरेशन बॉन्डिंग की अवधारणा साकार होती दिखाई दी। जहां एक ओर बच्चों को वरिष्ठजनों के अनुभवए जीवन मूल्यों और संस्कारों को समझने का अवसर मिलाए वहीं वृद्धजनों को बच्चों के साथ समय बिताकर खुशीए अपनापन और परिवार जैसा माहौल प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के संचालकए संस्था की संचालन समिति प्राध्यापकए वृद्ध आश्रम के समस्त कर्मचारी तथा सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

सफाईकर्मियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की

दीवाली पर गांधी चौक पर बैठकर मनाएंगे दीपोत्सव त्योहार: जंगाले



हरिभूमि न्यूज ⏭ बुरहानपुर

प्रदेशव्यापी आंदोलन के तहत गुरुवार दोपहर 2 बजे से बुरहानपुर में भी सफाईकर्मियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। इससे पहले सफाईकर्मी और अखिल भारतीय मजदूर कांग्रेस के पदाधिकारी व सदस्य कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां उन्होंने नारेबाजी कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर भागीरथ वाखला को सौंपा। कर्मचारियों ने साफ कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी, हड़ताल जारी रहेगी। साफ कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी, हड़ताल जारी रहेगी। अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के प्रदेश संगठन मंत्री कालु जंगाले ने कहा कि सफाईकर्मी पिछले 20 साल से अपनी मांगों को लेकर परेशान हैं। 3 नवंबर को भोपाल में प्रदर्शन किया गया था, लेकिन मांगों पर कोई निर्णय नहीं हुआ। इसी के विरोध में 5 नवंबर से बुरहानपुर सहित प्रदेशभर में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की गई है।

भोपाल में प्रदर्शन के बाद भी नहीं निकला समाधान

जंगाले ने बताया कि सफाईकर्मी 17 सूत्रीय मांगों को लेकर कई बार आंदोलन कर चुके हैं। 29 अक्टूबर को प्रदेशभर में प्रदर्शन कर जिला मुख्यालयों पर ज्ञापन सौंपे गए थे। इसके बाद 3 नवंबर को भोपाल में आंदोलन किया गया, लेकिन वहां मुख्यमंत्री नहीं पहुंचे। उनकी जगह डायरेक्टर आए थे। उन्होंने बताया कि पिछली रात प्रमुख सचिव के साथ बैठक हुई थी। इसके बाद नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों के साथ भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने कहा कि समस्याओं का समाधान मुख्यमंत्री कार्यालय से होगा। जंगाले ने कहा कि लंबे समय से मांगें उठाने के बावजूद समाधान नहीं हुआ है, इसलिए अब मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

त्योहार काला मनाएंगे गांधी चौक पर बैठेंगे

कालु जंगाले ने कहा कि सफाईकर्मी इस बार त्योहार काला मनाएंगे और शहर में कचरा नजर आएगा। बुरहानपुर में कर्मचारी गांधी चौक पर जूते-चप्पलों का हार लेकर बैठेंगे और वहीं दीपावली मनाएंगे। हड़ताल के कारण शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है।

बाल विवाह व बाल शोषण जैसी कुरीतियों के उन्मूलन के लिए किया जागरुक



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

सुरक्षित बचपन अभियान के तहत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष अरविंद रघुवंशी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरणए हरदा द्वारा नालसा थीम न बाल विवाह न बाल शोषण के आधार पर जिले के विभिन्न स्कूलों में गुरूवार को विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया।

इसी क्रम में हरदा स्कूल ऑफ एजुकेशन में आयोजित कार्यक्रम में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी प्रेमदीप शाह ने बताया कि सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों को बाल विवाहए बाल शोषण जैसी सामाजिक बुराईयों से सुरक्षित रखने उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने तथा समाज में बाल संरक्षण के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। उन्होने उपस्थित बच्चों को बाल विवाह के दुष्परिणामों बाल अधिकारों बाल शोषण के विभिन्न स्वरूपों तथा बच्चों के प्रति होने वाले शारीरिकए मानसिक एवं अन्य प्रकार के शोषण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी विस्तारपूर्वक प्रदान की। विद्यार्थियों को बताया गया कि बाल विवाह बच्चों की शिक्षा स्वास्थ्यए स्वतंत्रता एवं सर्वांगीण विकास के अधिकारों को प्रभावित करता है तथा बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है। इस प्रकार की घटनाओं की रोकथाम के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता आवश्यक है। तक्षशिला एकेडमी हरदा में आयोजित कार्यक्रम में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी हरदा संजीव रहांगडाले ने बताया कि प्रत्येक बच्चे को भयमुक्त वातावरण में शिक्षा प्राप्त करनेए सम्मानपूर्वक जीवन जीने सुरक्षा एवं संरक्षण प्राप्त करने का अधिकार है। बच्चों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी केवल परिवार की ही नहीं बल्कि विद्यालय समाज एवं प्रशासन की भी है। विद्यार्थियों को बाल विवाह एवं बाल शोषण के विरूद्ध आवाज उठाने स्वयं जागरुक रहने तथा अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी सौरभ कुमार दुबे ने उपस्थित बच्चों को उपलब्ध विधिक सहायताए बाल संरक्षण से संबंधित व्यवस्थाओं तथा विभिन्न आपातकालीन एवं सहायता हेल्पलाइन नंबरो की जानकारी देते हुए उनके उपयोग के बारे में जागरुक किया।

कृषि आदान विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर बीज के लिए नमूने



हरदा। कृषि विभाग की विकासखंड स्तरीय टीमों द्वारा जिले में कृषि आदान विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान टिमरनी विकासखंड में जेपी एग्रोए पूजा एजेंसीए आदर्श बीज उत्पादक क्रय.विक्रय समिति चारखेड़ाए मयंक एग्रो एंड एग्रीटेक चरखेड़ा एवं हिंद खाद भंडार सहित विभिन्न प्रतिष्ठानों की जांच की गई।

इसी प्रकार खिरकिया विकासखंड में किसान बीज उत्पादक समितिए श्रेयांशी सहकारी बीज उत्पादक समिति मर्यादित एवं मां वक्रांगी एग्री सहित अन्य प्रतिष्ठानों के अभिलेखों की जांच की गई। साथ ही बीज की गुणवत्ता का परीक्षण कराने के लिए नमूने एकत्रित किए गए। निरीक्षण के दौरान कृषि आदान विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज ही उपलब्ध कराएं तथा प्रत्येक किसान को सामग्री विक्रय पर अनिवार्य रूप से पक्का बिल प्रदान करें। विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया कि किसानों को गुणवत्तापूर्ण कृषि आदान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निरीक्षण एवं जांच की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

आयकर विभाग ने प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को किया सम्मानित

सतर्कता जागरूकता अभियान, प्रतिभागियों को मिले पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

आयकर कार्यालय हरदा द्वारा सतर्कता जागरूकता अभियान 2026 के अंतर्गत आयोजित निबंध लेखन पेंटिंग और नारा लेखन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को गत दिवस पुरस्कार वितरित किए गए। 26 अक्टूबर को आयोजित इन प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र.छात्राओं को मेडल, शील्ड उपहार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आयकर अधिकारी.1 हरदा ललन कुमार सहित विभागीय अधिकारियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। समारोह में कुल 10 पुरस्कारों की घोषणा की गई। निबंध लेखन और नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रथमए द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। वहीं पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथमए द्वितीयए तृतीय और चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार दिए गए। पेंटिंग प्रतियोगिता में चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को जीवन में सत्यनिष्ठाए ईमानदारी और पारदर्शी आचरण अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में आयकर विभाग के अधिकारी.कर्मचारीए शहर के गणमान्य नागरिकए प्रतियोगिता में शामिल स्कूलों के प्राचार्य एवं शिक्षक तथा सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों के अभिभावक उपस्थित रहे।

आयकर अधिकारी ने स्कूल से ब्लैक कोबरा का रेस्क्यू कर बचाई बच्चों और शिक्षकों की जान



रहटगांव। आयकर अधिकारी शेरसिंह गिन्नारे ने गुरुवार को इपीइएस शाला खमगांव में कमरे के अंदर छिपे बैठा ब्लैक कोबरा को रेस्क्यू कर सुरक्षित जगह छोड़ा और शाला परिसर के शिक्षक शिक्षिकाओं और छात्र.छात्राओं और भयमुक्त किया। इस संबंध में गिन्नारे ने बताया की सर्प को सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया। वही बताया की सर्प हमारे पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र के सबसे महत्वपूर्ण मित्र हैं। जो किसानों के लिए मूषक, चूहों की आबादी को नियंत्रित कर प्रकृति का संतुलन बनाए रखते हैं। जानकारी के मुताबिक कभी भी जहरीले सांप जैसे कोबरा को खुद पकड़ने की कोशिश न करें। तुरंत किसी स्थानीय अधिकृत सर्पमित्र या वन विभाग को सूचित करें। सांप को छेड़ें नहीं और लोगों को उससे कम से कम 10.15 फीट दूर रखें ताकि सांप तनाव में आकर फन न उठाए। सांप को भागने या छिपने के लिए सुरक्षित रास्ता देंए क्योंकि वे आमतौर पर इंसानों से बचना चाहते हैं। सांपों को मारना कानूनी रूप से अपराध, वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत है। इसलिए इन्हें सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा जाना चाहिए।

अर्चना चिटनिस के प्रयासों को मिली सफलता कुंडी भंडारा के लिए 1.52 करोड़ रुपए स्वीकृत

जलवायु परिवर्तन संचालन समिति की बैठक में स्वीकृती मिली



हरिभूमि न्यूज ⏭ बुरहानपुर

बुरहानपुर की विश्वविख्यात ऐतिहासिक जल संरचना कुंडी भंडारा के संरक्षण को विधायक अर्चना चिटनिस के प्रयासों से बड़ी सफलता मिली है। केंद्र सरकार ने परियोजना के शेष कार्यों के लिए 1 करोड़ 52 लाख रुपए स्वीकृत किए हैं। 26 अक्टूबर 2026 को नई दिल्ली में पर्यावरण मंत्रालय के सचिव की अध्यक्षता में हुई 21वीं राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन संचालन समिति की बैठक में यह राशि स्वीकृत हुई। इससे कुंडी भंडारा की ऐतिहासिक विरासत को सुरक्षित रखने और पारंपरिक जल प्रणाली को पुनर्जीवित करने में मदद मिलेगी।

चिटनिस ने कुंडी भंडारा को बुरहानपुर की पहचान और जल सुरक्षा से जुड़ा दायित्व मानते हुए लगातार प्रयास किए। उन्होंने भूमिगत नहरों के क्षतिग्रस्त होने और कुंडियों तक जल प्रवाह बाधित होने का मुद्दा शासन के सामने उठाया। उन्होंने 8 फरवरी 2025 को समय-सीमा बढ़ाने, 13 जून 2025 को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को और 16 जुलाई 2025 को केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को शेष अनुदान जारी करने के लिए पत्र लिखा। मंत्रालय ने ईपीसीओ को दस्तावेज जीएफआर-2017 के अनुरूप प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। चिटनिस ने अधिकारियों से समन्वय कर संशोधित प्रस्ताव तैयार कराया, जिसके बाद राशि स्वीकृत हुई। स्वीकृत परियोजना में 21 कुंडियों और 2 कुंडी तंत्रों का संरक्षण होगा। साथ ही 95 शासकीय भवनों में वर्षा जल संचयन की व्यवस्था बनेगी और जनजागरूकता गतिविधियां चलेंगी। लगभग 400 वर्ष पुराना कुंडी भंडारा अपनी भूमिगत जल प्रणाली के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है और यूनेस्को की अस्थायी सूची में भी है। श्रीमती चिटनिस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया।

स्कूल से घर और घर से समाज तक पहुंचेगा स्वच्छता का संकल्प: चिटनिस



बुरहानपुर। बच्चे देश का भविष्य ही नहीं, वर्तमान में भी बदलाव की बड़ी ताकत हैं। इसी सोच के साथ विधायक अर्चना चिटनिस ने नेहरू मोंटेसरी स्कूल में विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें 'स्वच्छ विधानसभा-180 नगरीय' अभियान का ब्रांड एम्बेसडर बनने के लिए प्रेरित किया। 'सेवा मेरा योगदान' के तहत कार्यशाला में विद्यार्थियों को स्वच्छता, कचरा पृथक्करण और सिंगल यूज प्लास्टिक के बहिष्कार का संदेश घर-घर पहुंचाने का आह्वान किया गया। चिटनिस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में स्वच्छता जनआंदोलन बनी है। बुरहानपुर में इसे जनभागीदारी से आगे बढ़ाया जाएगा। स्वच्छता एक दिन का कार्यक्रम नहीं, जीवनशैली बननी चाहिए। अभियान में शहर के 47 स्कूलों के कक्षा 9वीं-10वीं के विद्यार्थी जुड़े हैं। प्रत्येक विद्यार्थी पांच घरों तक जाकर परिवारों को सिंगल यूज प्लास्टिक के नुकसान बताएगा। 11 घरों तक पहुंचने वालों को प्रमाण पत्र दिया जाएगा। परिवारों से संकल्प पत्र भरवाकर घरों पर 'मेरा घर-सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त' स्टीकर लगाया जा रहा है। कार्यशाला में गीले, सूखे, खतरनाक व सेनेटरी कचरे को अलग रखने और कपड़े की थैली अपनाने की अपील की गई। श्रीमती चिटनिस ने कहा कि 2 अक्टूबर 2027 को देखा जाएगा कि बुरहानपुर ने एक वर्ष के संकल्प को कितना निभाया।

हरिपुरा गोशाला में 9 को गोवर्धन पूजा व गोपाल कृष्ण ग्राम पुरस्कार वितरण समारोह

हरदा। गोवर्धन पूजा का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में हरदा जिले में 9 नवंबर 2026 को श्री गुप्तेश्वर गोशाला समितिए हरिपुराए चारुवाए विकासखंड खिरकिया में गोवर्धन पूजा एवं गोपाल कृष्ण ग्राम पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ अजय रामटेके ने बताया कि कार्यक्रम में गोवर्धन पूजा एवं गौ पूजन के साथ उपस्थित नागरिकों द्वारा गोग्रास अर्पित किया जाएगा। साथ ही गोशाला में सेवाएं दे रहे गौसेवकों का सम्मान भी किया जाएगा। समारोह के दौरान गोमय एवं पंचगव्य से निर्मित उत्पादों के महत्व और उपयोगिता पर संगोष्ठी एवं वक्तव्य आयोजित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त जिले के वृंदावन ग्रामों में गोपाल कृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं में चयनित पशुपालकों को सम्मानित कर प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि इस योजना के तहत वृंदावन ग्राम सोडलपुर एवं मगरधा में प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थीं। योजना में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों के लिए प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपयेए द्वितीय पुरस्कार 50 हजार रुपये तथा तृतीय पुरस्कार 25 हजार रुपये निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य गौवंश संरक्षणए संवर्धनए गौसेवा तथा पशुपालन को प्रोत्साहित करने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में गौ आधारित गतिविधियों को बढ़ावा देना है।